जागरण

आठ लाख नकली नोट के साथ तस्कर गिरफ्तार

Publish Date:Thu, 10 May 2018 09:06 PM (IST)

जासं, नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आठ लाख के नकली नोट के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नकली नोटों की तस्करी में एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो हजार के आठ लाख रुपये कीमत के नकली नोट बरामद किए गए हैं। तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश के शामली निवासी कामिल के रूप में हुई है। इसे पहले भी चार लाख के नकली नोट के साथ पुलिस ने वर्ष 2013 में गिरफ्तार किया था। गत वर्ष ही वह जेल से बाहर आया है। जेल से छूटते ही उसने दोबारा से नोटों की तस्करी शुरू कर दी थी। आरोपित मालदा के कुख्यात तस्कर मुर्तजा गिरोह का सदस्य है। पुलिस उससे पूछताछ में जुट गई है।

स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को पश्चिम बंगाल के नकली नोट तस्कर मुर्तजा गिरोह के बदमाशों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। पुलिस उनपर सर्विलांस के माध्यम से नजर रखी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मालदा से नकली नोट की बड़ी खेप के साथ आया एक तस्कर सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के समीप आने वाला है। वह नोट की खेप किसी को सौंपने वाला है। इसकी जानकारी मिलते ही एसीपी संजय दत्त और इंस्पेक्टर राहुल कुमार की टीम ने 10 मई को कामिल को दबोच लिया। उसने एक पिट्ठू बैग ले रखा था। जिसमें से 2000 रुपये नकली नोट की चार गड्डियां बरामद हुईं।

पूछताछ में कामिल ने बताया कि वह नोट को एक अन्य व्यक्ति को सौंपने वाला था। वह उसे दिल्ली-एनसीआर में खपाता है। आरोपित ने यह भी बताया कि वह ढाई लाख रुपये में आठ लाख रुपये नकली नोट मालदा के मुर्तजा से लेकर आया था। नकली नोट बांग्लादेश बॉर्डर के रास्ते पश्चिम बंगाल में मंगाए गए थे। कामिल अनपढ़ है और गत नौ वर्ष से वह पानीपत में बेड शीट का कारोबार कर रहा है। जल्द रुपये कमाने के चक्कर में वह गिरोह के संपर्क में आया था।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-fake-currency-smuggler-arrested-17937128.html